>

Title: Need to provide adequate LPG connections and refills in Mandar region of Jalore Parliamentary Constituency, Rajasthan.

श्री देवजी एम. पटेल (जालौर): मेरे संसदीय क्षेत्र जालौर स्थित मंडार कस्बे की आबादी का ग्राफ हर वर्ष बढ़ रहा है मगर दो वक्त का भोजन बनाने के लिए लोगों को गैस कनेक्शन भी नहीं मिल रहा है।

कस्बे की कुल आबादी 15 हजार है तथा मतदाताओं की संख्या 9 हजार है। मंडार कस्बे में 6 हजार परिवार हैं। जबकि गैस कनेक्शन सिर्फ 1500 है। पिछले सात वर्षों में कोई भी नया कनेक्शन नहीं दिया गया है। गैस कनेक्शन के अभाव में परिवार इंधन हेतु लकड़ी व केरासिन पर निर्भर हैं। एक तरफ गैस कनेक्शन नहीं होने तथा दूसरी ओर जंगल में लकड़ी काटने पर रोक होने के कारण आम जनता की परेशानी और बढ़ जाती हैं।

जिन परिवार के पास गैस कनेक्शन नहीं है उन्हें रसद विभाग द्वारा प्रतिमाह तीन लीटर केरोसिन दिया जाता है। जो एक माह ने लिए अपर्याप्त है। तीन लीटर केरोसिन में पांच से सात जनों के परिवार का दो वक्त का भोजन बनाना मुश्किल हो जाता है।

जिनके पास गैस कनेक्शन है उनका जीवन भी आसन नहीं है सिलेंडर खत्म होने पर दूसरा सिलेंडर पाने के लिए लंबी कतार लगती है।

इसलिए पंचायत स्तर पर गैस का वितरण किया जाए। जिससे लोगों को गैस पाने के लिए संघर्ष न करना पड़े।